हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 अप्रैल , 2025

तापमान
अधिकतम 37 .9 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

11 स्वदेशी जागरण मंच के निः शुल्क योग शिविर...



11 भौतिकी विभाग ने पुरुष और महिला वर्ग में जीती...



## खबर संक्षेप

### आर्य समाज, मॉडल टाऊन में वेद कथा कल से

**हिसार।** आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज, मॉडल टाऊन में 9 से 13 अप्रैल तक वेद कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमें कई विद्ववजन प्रवचन देंगे। आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि पहले दिन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक हवन, 10.15 बजे ध्वजारोहण, उसके बाद 12 अप्रैल तक रोजाना प्रातः 10.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक भजन व प्रवचन होंगे। 13 अप्रैल को कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञ, वेद कथा एवं समापन होगा। उसके बाद ऋषिभोज दिया जाएगा। पहले दिन ध्वजारोहण आर्य समाज, मॉडल टाऊन के प्रधान सेठ जगदीश प्रसाद आर्य करेंगे।

### श्री श्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन आज

**हिसार।** श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में शुक्ल एकादशी के उपलक्ष में 8 अप्रैल को सायं सकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी सदस्य त्रिलोक बंसल ने बताया कि मंगलवार संध्या आरती पश्चात सांय 7:45 से रात्रि 10 बजे तक श्री श्याम मंडल के तत्वाधान मे मंदिर प्रांगण में होने वाले संकीर्तन मे स्थानीय भजन कलाकार श्री श्याम प्रभु की महिमा का गुणगान करेंगे।

### बिना नंबर की मोटरसाइकिल सहित एक काबू

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने ऑटो मार्केट के पास एक मोटरसाइकिल सवार को काबू करके एक तलवार बरामद की है। साथ ही उसका मोटरसाइकिल जब्त किया गया है। एएसआई शमशेर ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार युवक तलवार लिए ऑटो मार्केट में खड़ा है और कोई वारदात करने की फिराक में है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो किंग होटल के पास एक युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर तलवार लिए दिखाई दिया। उसे काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम ऋषि नगर निवासी अश्वनी बताया। अश्वनी से तलवार और मोटरसाइकिल के बारे पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने बरामद तलवार को कब्जे में लेकर अश्वनी के खिलाफ शहर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत केस किया है।

### लघु सचिवालय समाधान शिविर का आयोजन

**हांसी।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दयाचंद ने की। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में आए नागरिकों की विभिन्न शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता और त्वरित गति से किया जाए।

### 14वां श्री बालाजी महोत्सव आज से

**हांसी।** श्री सालासर धाम मंदिर का 14वां श्री बालाजी महोत्सव 8 से 13 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसमें 8 अप्रैल को अखंड ज्योत लगाई जाएगी। 9 अप्रैल को सेंकड़ों महिलाओं के हाथों में राम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी तथा 10 अप्रैल को 801 महिलाओं द्वारा कलश उठा कर नगर परिक्रमा तथा 11 अप्रैल को बालाजी की भव्य रथ सवारी का नगर भ्रमण होगा। 12 अप्रैल हनुमान जयंती वाले दिन बालाजी के 1100 निशान के साथ निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा तथा रात्रि में पीसीएसडी स्कूल ग्राउंड में बालाजी का जागरण किया जाएगा जिसमें कलकत्ता से संजय मित्तल व चंडीगढ़ से दीपक लक्खा बाबा का गुणगान करेंगे।

# अब पूरे हरियाणा के विद्यार्थी कर सकेंगे दूरस्थ शिक्षा माध्यम से गुजवि से पढ़ाई

## गुजवि का बढ़ा प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र, पत्र जारी

■ अब गुजवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को पूरा करने तथा शिक्षा से संबंधित राष्ट्रीय लक्ष्यों को पाने में अपना और अधिक योगदान दे सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) में अब समूचे हरियाणा प्रदेश अपने परीक्षा केंद्र स्थापित करेगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। गुजवि के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। अब गुजवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को पूरा करने तथा शिक्षा से संबंधित राष्ट्रीय लक्ष्यों को पाने में अपना और अधिक योगदान दे सकेगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इसके लिए विश्वविद्यालय की टेरीटोरियल जुरिसडिक्शन (प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र) बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव का धन्यवाद किया है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के सीडीओई को बधाई दी है। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने बताया कि वर्ष 2017 में गुजवि की सरकार द्वारा प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र केवल हिसार कर दी गई थी, जिसके कारण विश्वविद्यालय वर्ष 2017 से जिला हिसार के बाहर न तो अपने परीक्षा केंद्र स्थापित कर पा रहा था और न ही विभाग के विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षाएं हिसार से बाहर लगाई जा रही थी। विश्वविद्यालय तभी से दूरस्थ शिक्षा के दायरे को बढ़ाने का प्रयास कर रहा था। इस संबंध में वर्ष 2021 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा गुजवि के दूरस्थ शिक्षा निदेशालयों के निदेशकों की कमेटी सरकार द्वारा गठित की गई। इस कमेटी की रिपोर्ट के बाद एक जून 2022 को तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ हरियाणा राज्य उच्चत्तर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष ने गुजवि में बैठक की थी। । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार, तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर, तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, सीडीओई के निदेशक प्रो. खुजान सिंह, सीडीओई के शिक्षक व अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र बढ़ने का पत्र सौंपते सीडीओई के निदेशक प्रो. खुजान सिंह।?

## डीसी-एसपी ने मोदी के 14 अप्रैल के दौरे मद्देनजर अधिकारियों की बैठक में विभिन्न प्रबंधों को लेकर दिए निर्देश

# एयरपोर्ट परिसर से 5 और जानवर पकड़े, तीन दिन में एयरपोर्ट को जानवर से मुक्त करने का टारगेट

उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को हवाई अड्डा परिसर में चल रही तैयारियों की समीक्षा की।

### पीएम मोदी के दौरे को लेकर सीएम नायब सैनी आज करेंगे एयरपोर्ट का दौरा, तैयारियों की करेंगे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 14 अप्रैल को हिसार एयरपोर्ट के दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। मंगलवार को खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का दौरा करेंगे और तैयारियों की समीक्षा करेंगे। उधर, एयरपोर्ट परिसर से वन्य प्राणियों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। वन्य प्राणी विभाग व नगर निगम की टीमों ने सोमवार को एयरपोर्ट परिसर से 5 जानवरों को पकड़ा और एयरपोर्ट की परिधि से बाहर किया। बताया जाता है कि अभी भी एयरपोर्ट पर कुछ और जानवर है। उधर, उच्चाधिकारियों ने एयरपोर्ट परिसर को तीन दिन में जानवर मुक्त बनाने का टारगेट दिया है।

#### डीसी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को हवाई अड्डा परिसर में चल रही तैयारियों की समीक्षा की। प्रस्तावित नए टर्मिनल भवन के शिलान्यास तथा हवाई सेवाओं के शुभारंभ के संदर्भ में उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और सभी प्रबंध समय रहते पूर्ण करते के निर्देश दिए। उपायुक्त अनीश यादव ने हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त अनीश यादव ने सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, वीवीआईपी मूवमेंट, आपातकालीन सेवाएं एवं मीडिया समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की।





हिसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते प्रशासनिक अधिकारी व एयरपोर्ट गेट के पास खुले मैदान में रैली के लिए लगाया जा रहा पंडाल। फोटो : हरिभूमि

#### जिले के लिए ऐतिहासिक होगा यह कार्यक्रम : डीसी

*उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के लिए ऐतिहासिक होगा, जिससे न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह हरियाणा के विकास में बेहद अहम साबित होगा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो और सभी एंट्री/एग्जिट प्वाइंट्स पर पर्याप्त फोर्स की तैनाती की जाए। उपायुक्त ने कहा कि पार्किंग एवं यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक प्लान को अंतिम रूप दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, मोबाइल टॉयलेट्स एवं टेंट व्यवस्था को समय रहते पूर्ण किया जाए।*

#### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष प्लान

हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष प्लान तैयार किया गया है, जिसमें राज्य व केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक गहलोत, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बैनीवाल, ओएसडी आयुक्त जगदीप सिंह, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद एसडीएम मोहित मेहराणा, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, रोडवेज जीएम डॉ. मंगल सेन, सीटीएम हरिराम, डीआईओ दीपक भारद्वाज, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलकार रेड्डू सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एयरपोर्ट उद्घाटन कार्यक्रम में हिसार जिले से हजारों नागरिक होंगे शामिल : आशा खेदड़



हिसार। बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

### मेयर व अन्य पदाधिकारियों से बैठक के बाद जिला अध्यक्ष ने किया दावा

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने दावा किया है कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एयरपोर्ट उद्घाटन कार्यक्रम में हिसार जिला से हजारों नागरिक भाग लेंगे। विभिन्न मोर्चों, प्रकोष्ठों व अन्य पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद हर विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक नागरिकों के शामिल होने का यह लक्ष्य रखा गया है। डॉ. आशा खेदड़ पार्टी जिला कार्यालय में इस संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने मेयर प्रवीण पोपली, जिला महामंत्री संजीव रेवड़ी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हर्ष बामल, सभी पार्षदों व मंडल अध्यक्षों से इस बारे चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन व एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनता में भारी उत्साह है। यह खुशी का मौका होगा कि हिसार को हरियाणा का पहला एयरपोर्ट मिलने जा रहा है। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली व अन्य पार्षदों ने कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन व एयरपोर्ट का शुभारंभ होना प्रदेश के लिए गौरव के पल होगे। इसमें अधिक से अधिक जनता की हाजिरी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में नगर पार्षद सरोज जैन, मोहित सिंगल, ज्योति वर्मा, हरिसिंह सैनी सांखला, भीम महाजन, मनोहर लाल वर्मा, शीला देवी, साक्षी शर्मा, नरेश ग्रेवाल, जगमोहन मित्तल, संजय डालमिया, डॉ. सुमन यादव, संतोष सैनी आदि रहे।

# फायर कर होटल संचालक से मंथली मांगने के मामले में दो और गिरफ्तार

ईलाइट रेस्ट हाउस नामक होटल संचालक से 50 हजार रुपये की मंथली मांगने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

सिविल लाइन पुलिस ने एचएयू गेट नंबर 4 के सामने ईलाइट रेस्ट हाउस नामक होटल संचालक से 50 हजार रुपये की मंथली मांगने और न देने पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें भैणी बादशाहपुर निवासी शिवकुमार उर्फ गोलू और कैमरी निवासी मनोज सहारण शामिल है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एएसआई रामनिवास ने बताया कि उक्त आरोपी एचएयू गेट नंबर 4 के सामने ईलाइट रेस्ट हाउस नामक होटल संचालक से 50 हजार रुपये की मंथली मांगने और न देने पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने की वारदात में शामिल थे। मामले में अब तक पांच आरोपियों अमन उर्फ अनीश, राकेश उर्फ राका, मनीष उर्फ सीतू, राजेश और अंकित को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार 4 सितंबर की रात में आरोपी मनीष ने ईलाइट रेस्ट हाउस नामक होटल संचालक आजाद नगर हिसार निवासी विष्णु के पास फोन कर कहा कि अगर उसे होटल चलाना है तो 50 हजार रुपए मंथली देनी होगी। आधी रात के बाद मनीष ने विष्णु के पास फोन कर उसे होटल के नीचे गली में बुलाया। वहां मनीष अपने दो और साथियों सहित गली में खड़ा था। मनीष ने होटल संचालक से हर महीने 50 हजार रुपये मंथली मांगी। इस पर होटल संचालक ने असमर्थता जताई।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) हिसार शाखा की बैठक मुल्तानी चौक वाल्मीकि धर्मशाला में हुई। इसमें मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष वीर गगनदीप चंडालिया उपस्थित हुए जबकि विशिष्ट अतिथि मुकेश कोच, सन्नी बादल प्रदेश सचिव, जेपी बागड़ी मीडिया प्रभारी हरियाणा रहे। बैठक की अध्यक्षता शहरी अध्यक्ष वीरश्रेष्ठ अशोक सुनसुना अनार्य ने की। बैठक की शुरुआत में संविधान निर्माता विश्व रत्न जरनल ऑफ नॉलेज बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस केक काटकर मनाया। बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि 14 अप्रैल को हिसार आगमन पर हिसार एयरपोर्ट का नाम बाबा साहब के जन्म दिवस पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखने की घोषणा करें। इस अवसर पर प्रदीप कांगड़ा व देवीलाल न्याणा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। महिला हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दीपमाला कांगड़ा ने रेनू चौहान, मधुबाला, शालू बिड़लान वीर भारत टांक, वीर अमित ढिल्लों को भी सदस्यता ग्रहण करवायी।



## विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत किस्में ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचेः कुलपति

# एचएयू की मूंग की किस्मों को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान की स्टार एग्री सीड्स कंपनी के साथ हुआ समझौता

इससे बीज का उत्पादन व विपणन करने का अधिकार प्राप्त होगा

*समझौते के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूंग की दो किस्मों, एम एच 1762 एवं एमएच 1772 का बीज तैयार कर कंपनी किसानों तक पहुंचाएगी ताकि उन्हें इन किस्मों का विश्वसनीय बीज मिल सकें। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने तथा राजस्थान की स्टार एग्री सीड्स कंपनी की तरफ से डॉ. विक्रांत खरे ने हस्ताक्षर किए*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूंग की उन्नत किस्मों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने तकनीकी व्यवसायीकरण को बढ़ावा देते हुए राजस्थान की स्टार एग्री सीड्स कंपनी के साथ दो समझौतों के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत किस्में ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचे, इसके लिए विभिन्न राज्यों की कंपनियों के साथ समझौते (एमओयू) किए जा रहे हैं। उपरोक्त समझौते के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूंग की दो किस्मों, एम एच 1762 एवं एमएच 1772 का बीज तैयार कर कंपनी किसानों तक पहुंचाएगी ताकि उन्हें इन किस्मों का विश्वसनीय बीज मिल सकें और उनकी पैदावार में इजाफा हो सकें। विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने तथा राजस्थान की स्टार एग्री सीड्स कंपनी की तरफ से डॉ. विक्रांत खरे ने हस्ताक्षर किए व उनके साथ आशीष सिंह उपस्थित रहे। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के बाद अब कंपनी विश्वविद्यालय को लाइसेंस फीस अदा करेगी, जिसके तहत उसे बीज का उत्पादन व विपणन करने का अधिकार प्राप्त होगा। इससे किसानों को भी इस उन्नत किस्म का बीज मिल सकेगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुरेंद्र पाहुजा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय से डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ अनुराग व डॉ. जितेन्द्र भाटिया, पौध प्रजनन विभागाध्यक्ष डॉ. गजराज दहिया आदि रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज वैज्ञानिकों की टीम के साथ।

#### कार्रवाई की गई

*अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि एम एच 1762 एवं एम एच 1772 किस्में पीला मोजेक एवं अन्य रोगों की प्रतिरोधी है। एम एच 1762 किस्म बसंत एवं ग्रीष्म काल में भारत के उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्रों में बिजाई के लिए व एम एच 1772, खरीफ में भारत के उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में काश्त के लिए अनुमोदित की गई है। एम एच 1762 लगभग 60 दिनों में एवं एम एच 1772 लगभग 67 दिनों में एक साथ पक कर तैयार हो जाती हैं। इनके दाने चमकीले हरे रंग के मध्यम आकार के होते है। दोनों ही किस्में सभी प्रचलित किस्मों से 10 -15 प्रतिशत अधिक पैदावार देती है। औसत उपज क्रमशः 14.5 क्विंटल तथा 13 .5 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। नई किस्में बेहतर प्रबंधन से और भी अच्छे परिणाम देती है व मूंग की अधिकतर बीमारियों के रोगरोधी है।*

हरिभूमि सहेली



वीकेंड के दो दिन सैटरडे, संडे लोगों को ऑफिस जाने की चिंता नहीं होती है, वे इत्मीनान में रहते हैं, आराम करते हैं, दो दिन एंज्वॉय करते हैं। लेकिन मंडे आते ही उन्हें एक तरह का भय सताता है, इसे 'मंडे ब्लूज' कहते हैं। हालांकि यह क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है, लेकिन यह है क्या? इसके क्या प्रभाव हमारे ऊपर होते हैं? इससे बचाव के क्या उपाय हैं, हर वर्किंग मेल-फीमेल को इस बारे में जरूर जानना चाहिए।

# क्यों होता है मंडे ब्लूज कैसे बचें

कवर स्टोरी

सरस्वती रमेश

वर्किंग लोगों के लिए वीकेंड एक सुकून लेकर आता है। वो आराम से सोकर हफ्ते भर की थकान उतारते हैं। घर की साफ-सफाई करते हैं। दोस्तों, रिश्तेदारों से मिलते हैं। शॉपिंग करते हैं और छुट्टियों के आनंद से सराबोर होकर सोमवार को फिर से काम पर लौट जाते हैं। लेकिन मंडे सबके लिए एक जैसा नहीं होता। मंडे आने के विचार से अनेक महिलाएं और पुरुष एक भय से भर उठते हैं। ऐसा भय जिसे वो महसूस तो करते हैं, लेकिन इसके बारे में कम ही चर्चा करते हैं। जबकि यह भय अनेक लोगों के लिए वास्तविक है। इसलिए इस पर जब-तब रिसर्च होते रहते हैं। इस भय को 'मंडे ब्लूज' के नाम से जाना जाता है।

**क्या है मंडे ब्लूज:** मंडे यानी सोमवार आने या वीकेंड खत्म होने के विचार से उपजी चिंता, उदासी या तनाव की प्रबल भावनाओं को मंडे ब्लूज कहते हैं। मंडे यानी सोमवार की सुबह काम पर लौटने के लिए मन में कोई उमंग न होना, सुस्ती और आलस महसूस करना, मन में जोश की कमी होना, सब मंडे ब्लूज के लक्षण हैं। हालांकि सोमवार को होने वाली निराशा कोई क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है। यह एक तरह से लगातार काम करने से होने वाली मानसिक, शारीरिक थकान और असंतोष का नतीजा हो सकती है। मंडे ब्लूज से पीड़ित महिलाएं-पुरुष सोमवार की सुबह चिड़चिड़ापन, मूड स्विंग, तेज हार्टबीट जैसी समस्याओं से जूझते हैं।

**क्यों होता है:** छुट्टी के बाद काम पर लौटने के विचार से घबराहट तभी होती है, जब नौकरी से असंतुष्टि हो या काम से संबंधित तनाव हो। जब काम रुचि का न हो या बहुत ज्यादा तनावपूर्ण हो तो हार्ट-बीट तेज हो जाती है, सिरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हो सकता है। काम के प्रति नकारात्मक सोच उत्पन्न होती है। इस तरह व्यक्ति अनचाहे ही मंडे ब्लूज का शिकार हो जाता है। कई बार वर्क लोड होने और नींद पूरी न हो पाने की स्थिति में भी सोमवार, घबराहट का सबब बनकर आता है। यह भी हो सकता है कि आप अपनी निजी समस्याओं से ग्रस्त होकर काम से घबराती हों।



**मंडे ब्लूज के प्रभाव:** जानकार मानते हैं कि मंडे ब्लूज व्यक्ति की कार्यशैली और प्रोडक्टिविटी को प्रभावित करता है। ऐसे व्यक्ति मंडे आते ही अपने बॉस या एचआर को तरह-तरह के बहाने बताने लगते हैं। जैसे- घर में कुछ जरूरी काम है, ऑफिस आना मुश्किल है। या कोई करीबी रिश्तेदार एक्सपायर हो गया है, अंतिम संस्कार में जाना है। या आज तबियत ठीक नहीं है, आदि-आदि। हमारे इस व्यवहार से न सिर्फ हमारी इमेज खराब होती है बल्कि काम भी प्रभावित होता है।

**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका की पैसिफिक फूड्स और टाकर रिसर्च के एक सर्वे से पता चला है कि साल में औसतन 36 बार लोगों को सोमवार का डर सताता है। सर्वे में दो हजार लोगों को शामिल किया गया। इसमें 32 प्रतिशत ने कहा कि रविवार दोपहर बाद उन्हें सोमवार को काम पर लौटने की चिंता सताने लगती है। 25 प्रतिशत ने कहा कि सोमवार के बारे में सोच-सोच कर उनका रविवार भी खराब हो जाता है। कुछ लोगों का कहना था कि छुट्टी में काम की अधिकता से उपजा थकान और अपर्याप्त नींद के कारण सोमवार उन्हें पसंद नहीं आता। यहां तक कि कई बार स्कूली बच्चे भी अपने पैरेंट्स से कहते पाए जाते हैं कि यह मंडे क्यों आता है? छुट्टियां कितनी मजेदार होती हैं।

**बचाव के उपाय:** मंडे ब्लूज भले ही क्लिनिकल डिसऑर्डर न हो, लेकिन वास्तविक तो है ही। इसलिए जानकार इससे बचने के उपाय भी बताते हैं।

**समस्या को लिखकर:** दरअसल, लिखना एक थेरेपी है। हमारी कुछ चिंताएं ऐसी होती हैं, जिन्हें किसी से कहना ठीक नहीं होता या किसी से कहकर कुछ हासिल नहीं किया जा सकता। लेकिन उन्हें लिखकर किसी से दुख कहने जितना ही रिलीफ मिल सकता है। इसलिए आने वाले सप्ताह को लेकर आपको किस तरह की चिंता सता रही है, उसके बारे में लिखिए। कुछ जरूरी काम जो करने हैं, उनके बारे में भी लिखें। लिखने से आपकी चिंताओं को लेकर आपका नजरिया बदलेगा। हो सकता है, लिखते हुए आपको कुछ समाधान भी सूझ जाए। समाधान न भी सूझे तो लिखने से हमें मानसिक शांति जरूर महसूस होगी। यह एक तरह से किसी को अपनी परेशानी बता देने जैसा असरदार होता है।

**व्यायाम:** सोमवार की सुबह वर्कआउट करना खराब मूड से बचने का एक प्रभावी तरीका है। कई शोधों से पता चलता है कि व्यायाम चिंता, अवसाद और कई अन्य मानसिक बीमारियों को कम करने में मददगार है। व्यायाम खुद को उन विचारों से ध्यान हटाने का एक बेहतरीन तरीका भी है, जो आपको परेशान कर रहे हैं। वर्कआउट करने से सिर्फ तन ही नहीं, मन भी हल्का महसूस करता है। इस तरह आप तारोताजा होकर अपने काम के लिए नए सिरे से तैयार नजर आएंगी।

**मेडिटेशन:** चिंता, उदासी और तनाव की स्थिति में ध्यान खुद को मानसिक शांति देने का एक शानदार तरीका है। आप अपने मूड को बेहतर बनाने और अच्छी नींद लाने के लिए संडे की रात को कुछ मिनट मेडिटेशन करें। मुमकिन हो तो इसे हर रात बिस्तर पर जाने से पहले करें। भरपूर नींद लेने से दिमाग, फिजूल बातों की पुनरावृत्ति करने से मुक्त होता है। नए और उपयोगी विचारों का जन्म होता है और ऑफिस का काम बोझ नहीं लगता। इस तरह सोमवार नई सुबह की तरह हमारी दिनचर्या में प्रवेश करता है, चुनौती या दुःस्वप्न बनकर नहीं।



**थोड़ी बहुत मस्ती:** सब कुछ छुट्टियों में करने की बजाय कुछ मस्ती वर्किंग डेज में भी की जा सकती है। जैसे लंच ब्रेक के दौरान अपने कुलीग के साथ कुछ मिनट की सैर करना। कभी-कभी हल्का-फुल्का कोई गेम, अंताक्षरी खेलना भी तनाव को कम करता है। शाम को किसी खुली और प्राकृतिक सौंदर्य से भरी जगह में थोड़ा वक्त बिताना। इन छोटी-छोटी बातों से हमारा मन सहज होकर चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयारी करता है।

**लोगों से मिलना-जुलना:** लोगों से मिलने-जुलने से मन में प्रसन्नता के केमिकल रिलीज होते हैं। कई शोधों से पता चला है कि समूह में रहने वाले या संयुक्त परिवारों में रहने वालों को मानसिक तनाव और अवसाद की समस्या कम होती है, जबकि लोगों से कम मिलने वाले और अकेले रहने वाले लोगों में तनाव होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए समय-समय पर अपने अजीज दोस्तों से मिलती रहें। काम से जुड़ा कोई प्रेशर हो तो उसे किसी विश्वसनीय मित्र के साथ साझा करें। हो सकता है, उससे कोई मूल्यवान सलाह मिल जाए, जो आपके भीतर के सारे डर को छूमंतर कर दे।



आज की व्यस्त जीवनशैली में परिवार और परिजनों के साथ रिश्तों का निर्वाह आसान नहीं है, इसका यह मतलब नहीं कि रिश्तों को यों ही छोड़ दिया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए, निकटवर्ती रिश्ते हमारी जिंदगी को आसान बनाते हैं, एक खुशी देते हैं।

# रिश्ते तब रहेंगे हमेशा मधुर-आत्मीय

रिलेशनशिप

डॉ. यशोधरा भटनागर



बहुत कुछ पाने की लालसा लिए, दौड़ती-भागती जिंदगी में बहुत कुछ हमारे हाथों से छूटता जा रहा है। छूट रहे हैं रिश्ते, रिश्तों में बंधा प्यार। हाथ में हासिल है सिर्फ अकेलापन और इससे उपजा दर्द-संत्रास। इस दर्द और अकेलेपन से घिरकर आज हम डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उलझते-टूटते रिश्तों को संभालने और जोड़ने की बहुत जरूरत है। यह अलग बात है कि आज हम इन रिश्तों को जोड़ने की कोशिश न करते हुए, इन्हें परख रहे हैं, यह करते हुए रिश्तों को तार-तार कर रहे हैं। हम अकसर कहते हैं- 'जिंदगी का असली मजा तो सबके साथ है।' जी हां, ये रिश्ते ही जीवन का आधार होते हैं, जो हमें प्रेम, अपनापन और सुरक्षा का एहसास कराते हैं। परिवार में सौहार्द, प्रेम और सामंजस्य बनाए रखने के लिए रिश्तों को समझना जरूरी है, इस तरह समझने से आपसी जुड़ाव और आत्मीयता बढ़ती है, जबकि परखने से संदेह उत्पन्न होता है। रिश्तों को मधुर और मजबूत बनाने के लिए केवल समझ ही नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान, सहनशीलता और संवाद जैसे कई महत्वपूर्ण घटक जरूरी हैं। यह घटक कौन से हैं, हमें जानना चाहिए-



**आपसी समझ और संवेदनशीलता:** जब हम अपनों को समझने का प्रयास करते हैं तो मतभेद खत्म होते हैं, आपसी संबंध मधुर बने रहते हैं। संवेदनशीलता का गुण हमें दूसरों की तकलीफों और जरूरतों को महसूस करने में मदद करता है, जिससे रिश्ते आत्मीय बनते हैं।

**विश्वास की मजबूत डोर:** रिश्तों की नींव विश्वास पर टिकी होती है। यदि परिवार के सदस्य एक-दूसरे पर पूरा भरोसा रखते हैं, तो कोई भी कठिन परिस्थिति उनके रिश्तों को हिला नहीं सकती। संदेह और अविश्वास से दूरी बढ़ती है, जबकि विश्वास से प्रेम और अपनापन बढ़ता है।

**सम्मान और स्वीकृति:** रिश्ते तभी फलते-फूलते हैं, जब उनमें परस्पर सम्मान हो। यदि हम अपने परिवार के सदस्यों की भावनाओं और निर्णयों का सम्मान करें तो रिश्ते अधिक मजबूत बन सकते हैं।

**रिश्तों की संजीवनी है संवाद:** कई रिश्ते सिर्फ इसलिए कमजोर हो जाते हैं, क्योंकि लोग अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त नहीं करते। संवाद की कमी से गलतफहमियां जन्म लेती हैं, दूरियां बढ़ने लगती हैं। इसलिए यदि किसी रिश्ते को मजबूत बनाना है, तो प्रेमपूर्वक और सकारात्मक रूप से बातचीत करें।

**धैर्य और सहनशीलता:** कभी-कभी परिस्थितियां अनुकूल नहीं होतीं, हमें अपनों की कुछ बातों या आदतों से असहमति भी हो सकती है। ऐसे में धैर्य और सहनशीलता का परिचय देना जरूरी है। शांत रहकर स्थिति को समझना रिश्तों को बचाए रखने का प्रभावी तरीका है।

**क्षमा और समझौता:** कोई भी इंसान पूर्ण नहीं होता, हर रिश्ते में कभी न कभी गलतियां होती हैं। यदि हम क्षमा करने और समझौता करने की भावना रखते हैं, तो रिश्ते लंबे समय तक टिकते हैं। पुरानी बातों को भूलकर जिंदगी में आगे बढ़ना चाहिए।


# वर्किंग वूमेन इस सीजन में ऐसे करें परफेक्ट मेकअप

मेकअप

ललिता गोयल

गर्मी के मौसम में वर्किंग वूमेन के लिए अपना मेकअप लुक दिन भर अपीलिंग बनाए रखना थोड़ा टफ होता है। इस मौसम में अधिक पसीना आने के कारण मेकअप के न टिकने और पैची दिखने की संभावना रहती है। इन प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स को फॉलो करें।

**स्किन प्रिपरेशन:** मेकअप लंबे समय तक टिका रहे, इसके लिए जरूरी है कि मेकअप से पहले स्किन बेस सही तरीके से रेडी किया जाए। सही बेस बनाने के लिए सबसे पहले किसी माइल्ड क्लींजर से स्किन को साफ करें और सुटेबल एसपीएफ युक्त लाइट मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर ह्यूमिडिटी ज्यादा है तो प्राइमर का इस्तेमाल करें। यह मेकअप को फैलने से रोकता है। फेस का टी-जोन एरिया ऐसा होता है, जहां से मेकअप फैलने का डर रहता है, इसलिए लाइट मेकअप को ध्यान में रखते हुए इसे सिर्फ टी-जोन या फिर ऑयली एरिया पर ही लगाएं।



**हैवी फाउंडेशन से बचें:** गर्मी के मौसम में मेकअप करने के लिए फाउंडेशन या फिर पावडर का इस्तेमाल न करें। इसकी जगह टिंटेड मॉयश्चराइजर, बीबी क्रीम या वाटर बेस्ड फाउंडेशन से स्किन को कवर करें। मेकअप को सिंपल और लाइट रखें। वाटर प्रूफ प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

**सेटिंग पावडर:** मेकअप करने के दौरान सेटिंग पावडर का इस्तेमाल करें और अपने टी-जोन और पसीने वाली जगह पर अप्लाई करें। इससे मेकअप सेट रहेगा।

**कंसीलर लगाएं:** चेहरे के दाग-धब्बे या फिर डार्क सर्कल को छुपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन गर्मियों में इसके अलावा उन जगहों पर भी लगाएं, जहां इसकी जरूरत है।

**ज्यादा लेयर से बचें:** चेहरे पर मेकअप की ज्यादा लेयर ना लगाएं। एक साथ कई सारे प्रोडक्ट्स यूज करने से स्किन पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं और एक्ने की समस्या होने की संभावना अधिक रहती है।

**फेस मिस्ट करें:** फेस मिस्ट एक तरह का स्प्रे होता है, जिसे मेकअप करने के बाद अप्लाई किया जाता है। यह त्वचा के डिहाइड्रेशन को रोकता है और इसके इस्तेमाल से स्किन को एक फ्रेश लुक मिलता है। स्किन टाइप के अनुसार, फेस मिस्ट का उपयोग किया जा सकता है।

**ब्लॉटिंग पेपर:** हमेशा अपने साथ ब्लॉटिंग पेपर रखें। ब्लॉटिंग पेपर मेकअप को खराब किए बिना अतिरिक्त तेल और पसीने को धीरे से सोख लेता है और स्किन दिनभर फ्रेश दिखती है।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

जरूरी नहीं हर छोटे-बड़े कार्यक्रम के लिए मोटा पेमेंट देकर एंकर को बुलाएं। आप में से किसी को भी कभी अपनी कॉलोनी, सोसाइटी, ऑफिस या किसी फैमिली फंक्शन में छोटे-मोटे कार्यक्रम के लिए एंकरिंग करनी पड़ सकती है। आप जब एंकरिंग कुशलता से करेंगी तो वाह-वाही पाएंगी। इस कला में माहिर कैसे हों, जानिए।

# अच्छी एंकरिंग भी है एक कला

एडवाइस

अभिव्यक्ति त्रिवेदी



कार्यक्रम छोटा हो या बड़ा, बिना अच्छे संचालन के सफल नहीं हो सकता। कार्यक्रम बिखरा-बिखरा और अव्यवस्थित लगेगा। इस लिहाज से संचालनकर्ता या एंकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। जिन कार्यक्रमों का संचालन अच्छा होता है, दर्शक भी शुरू से अंत तक जुड़े रहते हैं। ये कार्यक्रम पूर्णतः सफल होते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि कार्यक्रम की सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी है एंकरिंग यानी संचालन। अच्छी एंकरिंग के लिए कौन से गुण होने चाहिए, आप भी जानें। क्या पता कब आपको किसी कार्यक्रम के लिए एंकरिंग करनी पड़ जाए।

**पहले से हो तैयारी:** एंकरिंग करने वाले को कार्यक्रम की पूरी जानकारी पहले से होनी चाहिए। कार्यक्रम का स्वरूप क्या है, कौन-कौन से अतिथि आएंगे, कौन अध्यक्षता करेगा, कौन स्वागत भाषण देगा और कौन आभार प्रदर्शन करेगा, कौन किसका स्वागत करेगा? इस तरह पूरी सूची उसके पास होनी चाहिए। साथ ही, कब कौन-सी प्रस्तुति है, कब किसे बोलने के लिए आमंत्रित करना है? कुल मिलाकर पूरा खाका एंकर के दिमाग में क्लियर रहना चाहिए, तभी वह अपनी भूमिका अच्छी तरह निभा पाएगा, अन्यथा पूरा प्रोग्राम अव्यवस्थित हो जाएगा।



**आवाज हो बुलंद:** एंकरिंग करने वाले की आवाज जोरदार होनी चाहिए, जिससे उसे कभी बिना माइक के भी लोगों को संबोधित करना पड़े तो वह आसानी से कर सके। दूसरा, उसके बोलने के ढंग में सही उतार-चढ़ाव होना बेहद जरूरी है, ताकि उसके द्वारा कही गई बातें श्रोताओं तक पहुंच सकें।

**सही और स्पष्ट उच्चारण:** एंकर का बोला हुआ एक-एक शब्द सही और स्पष्ट होना चाहिए। ऐसा न हो कि वह शब्दों का गलत उच्चारण करे, वरना श्रोताओं को सुनने में अच्छा नहीं लगेगा।

**कविता और शायरियों का प्रयोग:** एंकरिंग का कार्य दर्शकों को कार्यक्रम के शुरू से आखिर तक बांधे रखना होता है ताकि वे बोर न हों और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाएं। इसलिए एक कुशल एंकर को सही समय पर सटीक काव्य पंक्तियों या शायरियों का उपयोग करते रहना चाहिए। इससे कार्यक्रम में श्रोताओं और दर्शकों की रुचि बनी रहती है। कार्यक्रम में चार चांद लग जाते हैं।

**प्वाइंट्स नोट करने की आदत:** जब-जब कोई वक्ता अपने विचार रखता है या कोई प्रस्तुति होती है, एंकर को उसके मुख्य प्वाइंट्स नोट करते जाना चाहिए और जैसे ही वक्ता का बोलना खत्म हो, उन्हीं की बात को जोड़कर आगे की बात जारी रखनी चाहिए।

**त्वरित बुद्धि का इस्तेमाल:** एंकरिंग करने वाले में यह खूबी भी होनी चाहिए कि अगर कहीं कोई बात बिगड़ रही हो तो वह अपनी त्वरित बुद्धि से उसे संभाल ले। कब कितना बोलना है, इस बात का ध्यान भी रखे ताकि आयोजन और व्यक्ति की गरिमा बनी रहे।

**लोगों को बांधे रखने की कला:** एक कुशल एंकर में यह कला होनी चाहिए कि वह अपनी बातों से लोगों का ध्यान अपनी ओर न केवल खींचे बल्कि उन्हें अपनी बातों के जादू में बांधे रखे। यह एक अच्छे एंकर का बहुत बड़ा गुण है।

इस तरह एक सफल और सुंदर कार्यक्रम के संपन्न होने के पीछे एक अच्छे एंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, उसे अपनी इस भूमिका को बहुत खूबसूरत अंदाज में निभाना चाहिए, दर्शकों के दिलों में एक जगह बनानी चाहिए।

नवजात शिशु का पहला आहार उसकी मां का दूध होता है। उसी से बच्चे को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए ब्रेस्ट फीडर मां को अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# ब्रेस्ट फीडर मां की ऐसी हो डाइट

डाइट सजेशन

नीलम अरोड़ा

बच्चे को जन्म देने के बाद मां के लिए यह जरूरी है कि जितने समय तक संभव हो सके, वह उसको अपना ही दूध पिलाए। इससे उसे भरपूर पोषण मिलता है। लेकिन यहां यह समझना जरूरी है कि बच्चा चूंकि मां से ही अपना आहार ग्रहण करता है, इसलिए मां की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो दोनों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा कर सके।

**प्रोटीन रिच डाइट:** डिलीवरी के बाद मां को प्रतिदिन छह महीने तक 80 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती हैं। 6 से 12 महीने तक उसे रोज 70 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। बच्चे को प्रोटीन इसी दूध से मिलता है। यही प्रोटीन बच्चे की मांसपेशियों के विकास और उसके वजन को बढ़ाने के लिए जरूरी है। मां के शरीर में भी यदि हार्मोंस, एंजाइम और एंटीबॉडी का सही प्रोडक्शन होगा, तो बच्चे को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा।



**आयरन:** अगर मां की डाइट में आयरन की कमी हो तो उसे एनीमिया हो सकता है। इससे बचने के लिए मां को अपनी खुराक में दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां और अंडा लेना चाहिए ताकि बच्चे को भी आयरन की आपूर्ति हो सके और उसकी मांसपेशियां मजबूत बन सकें।

**कैल्शियम-विटामिन-डी:** गर्भावस्था में भी बच्चे के शरीर में कैल्शियम की आपूर्ति के लिए मां को कैल्शियम युक्त डाइट लेने के साथ-साथ कैल्शियम की टैबलेट्स लेने की सलाह दी जाती है। मां को अपने भोजन में दही, पनीर, चीज, हरी पत्तेदार सब्जियां, ज्वार, बाजरा, रागी, अंडे, मछली लेने चाहिए। विटामिन-डी की आपूर्ति के लिए इन स्रोतों के साथ-साथ मां और बच्चे को थोड़ी देर धूप में जरूर रहना चाहिए।

**फैटी फूड्स:** डिलीवरी के बाद मां के दूध की गुणवत्ता सुधारने और ज्यादा मात्रा में दूध बनने के लिए कई तरह के वसायुक्त खाद्य पदार्थ जैसे-बादाम का हलवा, अलसी और गोंद के लड्डू, मेथी के लड्डू और ड्राई फ्रूट्स युक्त पंजीरी, खाने के लिए देने चाहिए। इनको बनाने में इस्तेमाल होने वाली अजवाइन, सौंफ, सोंठ और दूसरे मसाले पाचन के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन चूंकि इनमें फैट और कैलोरीज ज्यादा होती हैं, इसलिए इनको सीमित मात्रा में लेना चाहिए क्योंकि इससे मोटापा बढ़ सकता है।



**दिन में तीन बार खाएं:** अगर मां पूरे दिन में पोषक आहार नहीं लेती है तो वह भला अपने बच्चे को फीड कैसे करा सकती है? इसलिए बच्चे के साथ मां की सेहत भी दुरुस्त रहे, इसके लिए दिन में कम से कम तीन बार उसे संतुलित आहार लेना चाहिए, जिसमें सुबह के नाश्ते को कभी छोड़ना नहीं चाहिए। ब्रेस्ट फीड कराने के दौरान बार-बार भूख लगती हैं, क्योंकि इसमें काफी कैलोरीज खर्च होती हैं। तीन बार खाना खाने के अलावा बीच-बीच में फल, बादाम, फ्रूट्स सलाद, दही, दूध इत्यदि भी मां को लेते रहना चाहिए।

**एल्कोहल-धूम्रपान से बचें:** गर्भावस्था में ही नहीं डिलीवरी के बाद भी मां के द्वारा एल्कोहल और धूम्रपान सेवन का बुरा असर, बच्चे पर होता है। एल्कोहल दूध के द्वारा बच्चे तक पहुंचता है। धूम्रपान और तंबाकू का भी बुरा असर बच्चे पर दिखने लगता है। इसलिए ब्रेस्ट फीड कराने वाली मांओं को इनसे बचना चाहिए।

**डायटिंग न करें:** डिलीवरी के तुरंत बाद बच्चा चूंकि अपनी पूरी खुराक के लिए मां पर ही निर्भर होता है, ऐसे में मां अगर डायटिंग करती है और कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन से दूर रहती है, तो बच्चे के आहार में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। डायटिंग करने की बजाय मां को डॉक्टर की सलाह पर रोजाना व्यायाम जरूर करना चाहिए, ताकि मोटापा न बढ़े।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा निकाल कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति द्वारा ब्रह्म संस्कृत पाठशाला न्यू ऋषि नगर में समिति के मुख्य संघर्ष एच.के. शर्मा की अध्यक्षता में राम नवमी के उपलक्ष में अखण्ड रामायण का पाठ करवाया गया। बृजेश पांडे द्वारा किये गये पाठ के उपरांत मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, संतोष देवी व रानी देवी के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई। हवन का कार्यक्रम बलजीत शास्त्री द्वारा विधि-विधान के साथ सम्पन्न करवाया गया जिसमें वेद प्रकाश शर्मा, राजेश गुप्ता, समाजसेवी अशोक शर्मा, राजेश गोयल, विजय कौशिक, पंडित छबील दास, बलवान शर्मा, राजेश भारद्वाज, जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद 10 को आदमपुर में सुनेंगे समस्याएं

**मंडी आदमपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई 10 अप्रैल को सुबह 9.15 बजे आदमपुर दुकान नं. 107 आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे हलकावासियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत करके उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। इसके उपरांत आदमपुर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेंगे तथा आदमपुर मंडी में फसल उठान व खरीद को लेकर किसानों, आढ़तियों व स्थानीय दुकानदारों से बातचीत करेंगे। पूर्व सांसद इस दौरान आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हिसार रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश भी देंगे।

### बाबा हनुमान का विशाल जागरण 11 को

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर टेल वाला हनुमान मंदिर में चेतर पूर्णिमा हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बाबा हनुमान का 44वां विशाल जागरण 11 अप्रैल शुक्रवार को रात्रि आयोजित किया जाएगा। प्रधान निरंजन बंसल ने बताया कि इस मौके पर राजस्थानी कलाकार मधुसूदन शर्मा, पूजा वर्मा सहित कई गायक बाबा का गुणगान करेंगे तथा झांकियां का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्णिमा को सुबह मेला लगेगा तथा कई भक्त सवामनियों का प्रसाद लगाएंगे। इसके अलावा धाम हनुमान मंदिर तथा काजला धाम में भी जागरण व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राजस्थानी कलाकार मधुसूदन शर्मा, पूजा वर्मा सहित कई गायक बाबा का गुणगान करेंगे।

### स्कूल संचालक सिहाग के निधन पर शोक जताया

**आदमपुर ।** गांव सदलपुर के समराथल स्कूल के संचालक तथा प्राइवेट स्कूल संघ के सलाहकार ओमप्रकाश सिहाग के निधन पर आदमपुर प्राइवेट स्कूल सघ भारत विकास परिषद, आदर्श युवा क्लब, मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट, बिश्नोई सभा सहित सामाजिक राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त जताया है। बता दें कि ओमप्रकाश सिहाग कुछ समय से बीमार चल रहे थे तथा रविवार को उनका निधन हो गया ।

# स्वदेशी जागरण मंच के निः शुल्क योग शिविर में उमड़े साधक, योग का किया अभ्यास, पार्षदों का किया सम्मान



**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच के निशुल्क योग शिविर में योगाभ्यास करते साधक।

- स्वदेशी जागरण मंच ने क्लॉथ जिंदल पार्क में शुरू किए गए नि:शुल्क योग शिविर

हरिभूमि ▶▶| हिसार

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा क्लॉथ मार्केट के पास स्थित जिंदल पार्क में शुरू किए गए निशुल्क योग शिविर में शहरवासियों व पार्षदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच व पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में पार्षदों को सम्मानित भी किया गया। वार्ड एक से सरोज जैन, वार्ड दो के पार्षद मोहित सिंगल, वार्ड आठ के रवि सैनी, वार्ड 15 से संतोष सैनी, वार्ड 19 से सतपाल पानू व वार्ड 20 के पार्षद नवीन कुमार ने योग शिविर में पहुंचकर आयोजकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान योग प्रशिक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने योग क्रियाओं का महत्व समझाते हुए उनका अभ्यास करवाया। उन्होंने आह्वान किया कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और हमेशा निरोग रहें। इस दौरान शुगर, बीपी व पल्स की निशुल्क जांच करके उचित परामर्श भी दिया गया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि निशुल्क योग शिविर 13 अप्रैल बैसाखी तक जारी रहेगा।

**ये रहे मौजूद**

*शिविर संयोजक संजीव शर्मा, सह-संयोजक मोना जैन व विनय असीजा, कार्यक्रम प्रमुख दिनेश चुघ, सह-कार्यक्रम प्रमुख सुमन ऐरन, पुनीत खुराना व सोनिया श्योदान, योग प्रकल्प प्रमुख नरेंद्र वशिष्ट, कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख देवेंद्र अग्रवाल व जगबीर सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

### ट्रेनों के समय में आंशिक परिवर्तन

**हिसार।** रेलवे द्वारा हिसार-नई दिल्ली सवारी गाडी के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। जिसके अनुसार गाड़ी संख्या 54424, हिसार-नई दिल्ली सवारी गाड़ी 10 अप्रैल से हिसार से 05.00 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 05.20 बज रवाना होकर अपने निर्धारित समय से नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी। यह सवारी गाड़ी मार्ग के सातरोड स्टेशन पर परिवर्तित समय 05.30 बजे आगमन व 05.32 बजे प्रस्थान करेगी।


## गुजवि के भौतिकी विभाग का पहली खेलकूद प्रतियोगिता में रहा शानदार प्रदर्शन

# भौतिकी विभाग ने पुरुष और महिला वर्ग में जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**भौतिकी विभाग की छात्रा रिशिका ने सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार प्राप्त किया**

हरिभूमि ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने पहली खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। भौतिकी विभाग ने ओवरऑल पुरुष और महिला ट्रॉफी दोनों जीत ली हैं। भौतिकी विभाग की छात्रा रिशिका ने सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार प्राप्त किया। विभाग ने इसे एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।



**हिसार।** भौतिकी विभाग में विजेता विद्यार्थियों का स्वागत करते विभागाध्यक्ष प्रो. आर.एस. कुंडू एवं अन्य शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**इन विजेताओं को किया सम्मानित**

विभागाध्यक्ष प्रो. आरएस कुंडू ने बताया कि भौतिकी विभाग की टीम ने मिश्रित रिले रेस में पहला स्थान प्राप्त किया, जिसमें उन्होंने दूसरी टीम को 250 मीटर से पीछे छोड़ दिया। रिशिका ने 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में सात स्वर्ण पदक जीते और रिले रेस तथा मिश्रित रिले रेस में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, उन्होंने ऊंची कूद और लंबी कूद में भी पहला स्थान प्राप्त किया। महिला टीम ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती, जिसमें टीम ने 52 अंक प्राप्त किए। सभी को सम्मानित किया।

**ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम**

संजना ने 100 मीटर और 800 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सिनु ने 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया। यमन ने शॉट पुट में पहला और लंबी कूद व भाला फेंक में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रेरणा और हेमंत ने भी अपनी शानदार प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रो. कुंडू ने कहा कि यह जीत हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शैक्षणिक व खेल दोनों क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा को दर्शाती है। विजेता खिलाड़ियों का विभाग में स्वागत किया गया।

# छात्राओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**हिसार।** छात्राओं को सम्मानित करती नारायणी वेलफेयर सोसायटी की संस्थापक गुंजन गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि ▶▶| हिसार

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के सौजन्य से अधिकारों पर वाद-विवाद गतिविधि का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने मुख्य अतिथि नारायणी वेलफेयर सोसायटी की संस्थापक गुंजन गोयल का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए छात्राओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। गुंजन गोयल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार हम संवैधानिक उपचारों के अधिकार के द्वारा अपने मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. पीयूषा शर्मा, डॉ. सुनीता रानी तथा अन्य प्राध्यापिकाओं ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# लघु नाटिका से अच्छे स्वास्थ्य का महत्व बताया

- अग्रोहा मेडिकल ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

हरिभूमि ▶▶| हिसार

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की ओर से राजकीय उच्च विद्यालय फ्रांसी में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। इसके ज़रिए विद्यालय के विद्यार्थियों को मैगी, मोमोस, कोलड्रिंक, बर्गर, चाऊमीन व मैदे से बने अन्य फ़ास्ट फ़ूड को खाने के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। नाटिका के द्वारा दर्शाया गया कि पौष्टिक आहार न लेने व मैदा खाने से पाचन संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

नाटिका के बाद महाविद्यालय की छात्राओं ने जंक फ़ूड के नुक़सान के साथ प्लास्टिक की बोतल और टिफ़िन से दूरी बनाने व आवश्यक हो तो किस प्रकार प्लास्टिक का प्रयोग किया जाए के विषय में भी जानकारी दी व पर्यावरण संरक्षण व सेहत के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने पौष्टिक आहार व स्वस्थ जीवनशैली जीने के लिए बच्चों का मार्गदर्शन किया व प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक ईश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों के ज़रिए ग्रामीण अंचल में पल रहे बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें स्वस्थ जीवन की राह दिखाना प्रशंसनीय है।



# अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस पर पर विद्यार्थियों को दी जानकारी

*अच्छे स्वास्थ्य के लिए किया प्रेरित*

हरिभूमि ▶▶| हिसार

अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर तृतीय हरियाणा गर्ल्स बनालियन की राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नलवा से एनसीसी आर्मी विंग की तरफ से प्रिंसिपल डॉ. कपूर सिंह लोहान के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। एएनओ पूनम रानी ने छात्रों को इस दिवस के महत्व को बताकर प्रातःकालीन प्रार्थना सभा से कार्यक्रम का आगाज किया। शारीरिक शिक्षा की प्राध्यापिका सोनिया ने अच्छे स्वास्थ्य में खेलों के महत्व और अच्छे खान—पान के महत्व पर बल दिया। हिंदी विषय की प्राध्यापिका मनु ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। डॉ. दिवाकर ने कैडेट्स को अच्छे स्वास्थ्य के शरीक, मानसिक, सामाजिक पहलुओं से अवगत कराते हुए उन्हें प्राप्त करने के तरीके भी बताए। इस अवसर पर एक 'स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।



**हिसार।** जागरूकता रैली निकाली विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हेल्थ की दी जानकारी

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि ▶▶| हिसार

दयानंद महाविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शारीरिक शिक्षा विभाग, मनोविज्ञान विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मोनिका कक्कड़ ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि समय रहते स्वास्थ्य के प्रति सचेत नहीं हुई, तो आने वाला भविष्य समस्याओं से घिरा होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोनिका बंगा ने शारीरिक स्वास्थ्य और पोषण पर आधारित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे खराब जीवनशैली, जंक फूड, नींद की कमी और तनाव युवाओं में बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सुबह का नाश्ता कभी न छोड़ें।

# कलश यात्रा में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि ▶▶| हिसार

दिव्य देव स्थानम, सरसौद का तृतीय वार्षिक स्थापना दिवस भक्तिमय माहौल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालु मंदिर में एकत्र हुए और भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीराम की आराधना की। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जन कल्याण सोसाइटी के प्रधान मदनलाल गोयल ने बताया कि मंदिर में नवमी के शुभ अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन, कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया।



**हिसार।** गांव सरसौद में ध्वजा यात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

पूरे नौ दिनों तक चले इस महोत्सव में भव्य धार्मिक आयोजन हुए, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शाम को गांव की मुख्य गलियों में ध्वजा यात्रा और कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु जोश और भक्ति के साथ जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

# बाबा श्याम व बालाजी के भजनों पर झूमें श्रद्धालु

हरिभूमि ▶▶| मंडी आदमपुर

आदमपुर की श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव पर 87वीं धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें। शुभारंभ समिति के अध्यक्ष अमित गोयल ने बाबा की ध्वजा के साथ किया। भजन गायक रोजी असीजा, सुभाष शर्मा, राकेश जैन ने रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव के एक से बढक़र एक भजन सुनाकर सबको झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान केक काटकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गई। इस मौके पर प्रेम गोयल, अनिल शर्मा, नरेश गोयल, मुकेश खैरमपुरिया, सोनू बरासरी, विनोद अनमोल, सुशील कोशिक, अनुप शर्मा, शेर सिंह शर्मा, नीलम रानी, रेखा शर्मा, बबिता जैन, खुशबू शर्मा, अंजली, रश्मि, रीतू, पूजा, रेखा आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी संस्थाओं व मार्केट एसोसिएशन के साथ की बैठक

# रेनोवेशन के कार्य पूर्ण करवाकर सौंपे जाएंगे संस्थाओं को शौचालय : निगमायुक्त नीरज

- प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

हरिभूमि ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही। इस दौरान सफाई अभियान के साथ ही अन्य कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शौचालयों में सफाई व्यवस्था व रेनोवेशन के कार्य को लेकर निगमायुक्त नीरज ने नगर निगम के मुख्य सभागार में मार्केट एसोसिएशन व समाजसेवी संस्थाओं तथा सफाई शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि शहर में कुल 80 शौचालय है जिनमें से 27 शौचालयों को मार्केट एसोसिएशन व समाजसेवी संस्थाओं को दिए हुए है, उनका साफ-सफाई से लेकर रखरखाव का कार्य मार्केट एसोसिएशन व समाजसेवी संस्थाएं कर रही है। इसके अलावा 53 शौचालयों की सफाई व्यवस्था व रखरखाव का कार्य एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है। निगमायुक्त ने बताया कि कुल 80 शौचालय में से 40 शौचालयों का रेनोवेशन के कार्य चल रहे हैं और जल्द ही पूर्ण कर लिए जाएंगे। निगमायुक्त ने बैठक में मौजूद मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों को नगर निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर शौचालयों के रेनोवेशन कार्या में सहयोग करें।



**हिसार।** शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते निगमायुक्त नीरज।

**बैठक में लिया निर्णय**

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा 27 शौचालयों को रेनोवेशन का कार्य कराकर संस्थाओं व मार्केट एसोसिएशन को सौंपे जाएंगे। रेनोवेशन के कार्य पूर्ण होने के बाद शौचालयों की साफ-सफाई व रख-रखाव की जिम्मेदारी संस्थाओं व मार्केट एसोसिएशन की होंगी। इस अवसर पर एक्सईएन अमित कौशिक, एमई सुनील लाम्बा, सीएसआई राजकुमार, जेई मंदीप, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट रवि मेहता, उप-प्रधान सुरेन्द्र कुमार, सुरेश आहुजा महासचिव, ऑटो मार्केट के प्रधान प्रवीन वत्स, क्लॉथ मार्केट के प्रधान अनिल कुमार अरोड़ा, नारायणा त्रिकोण पार्क सुधार समिति से अंकुश कुमार, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी नजदीक बस स्टैंण्ड मार्केट से बलवंत राय, शिव मंदिर इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी से प्रेम बंसल, युवा विश्वकर्मा सभा के प्रधान निखिल, जय हिन्द पार्क 16-17 के प्रधान रिटायर कर्नल सीएस गोयत मौजूद रहे।

**जिला ब्राह्मण सभा, हिसार - चुनाव 2025**

**चुनाव अधिसूचना**

**जिला ब्राह्मण सभा, हिसार के कॉलेजियम हैड हेतु चुनाव 2025**

| क्र.सं. | चुनाव प्रक्रिया | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | पब्लिक नोटिफिकेशन | 07-04-2025 | दोपहर 12:15 बजे के बाद |
| 2 | वोटर लिस्ट चस्पा करने की तिथि | 08-04-2025 | प्रातः 09:00 बजे |
| 3 | आपतियां दर्ज करवाने की तिथि | 08-04-2025 से 23-04-25 | प्रातः 10:00 बजे 03:00 बजे तक |
| 4 | आपतियों का निपटारा करने की तिथि | 24.04.2025 से 25.04.25 | प्रातः 10:00 से 03:00 तक प्रतिदिन |
| 5 | सदस्यों की फाइनल लिस्ट चस्पा करने की तिथि | 26-04-2025 | प्रातः 09:00 बजे |
| 6 | कॉलेजियम हैड हेतु नामांकन पत्र भरने की तिथि | 27-04-2025 से 28-04-25 | प्रातः 09:00 से शाम 04:00 बजे तक |
| 7 | नामांकन पत्रों के जाँच की तिथि | 29-04-2025 | प्रातः 10:00 से 02:00 बजे तक |
| 8 | नामांकन पत्र वापसी की तिथि | 30-04-2025 | प्रातः 09:00 से 04:00 बजे तक |
| 9 | चुनाव लड़ने वाले व निर्विरोध सदस्यों की लिस्ट चस्पा करने की तिथि | 01-05-2025 | प्रातः 09:00 बजे |
| 10 | चुनाव निशान आवंटन की तिथि | 05-05-2025 से 06-05-25 | प्रातः 10:00 से 03:00 बजे तक |
| 11 | चुनाव की तिथियाँ | 18-05-2025, 19-05-25, 20-05-2025 | प्रातः 09:00 से 05:00 बजे तक |
| 12 | चुनाव परिणाम की तिथि | 20-05-2025 | शाम के 05.00 बजे के बाद |
| 13 | चुने हुए कॉलेजियम हैड के सदस्यों की सूची | 21-05-2025 | प्रातः09:00 बजे |

**नोटः** आज दिनांक 7 अप्रैल 2025 को श्री दयानन्द वत्स निर्वाचन अधिकारी जिला ब्राह्मण सभा हिसार द्वारा जिला ब्राहमण सभा हिसार 2025 के चुनाव हेतु अधिसूचना व चुनाव शेड्यूल HRRS RULES 2012 के नियम व हिदायतों की अनुपालना के अनुसार जारी कर दिया गया है। नामांकन फॉर्म की फीस 100/- रूपये व् सिक्योरिटी फीस 1000/- रूपये है। जिला ब्राह्मण सभा हिसार का कोई श्री आजीवन सदस्य 08 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक कॉलेजियम से सम्बन्धित अपनी आपति स्वयं आकर जिला बाहह्मण धर्मशाला हिसार में जिला ब्राह्मण सभा हिसार के पाँच सदस्यों की कमेटी के किसी सदस्य को सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक दर्ज करा सकता है। वह अपना जिला ब्राह्मण सभा हिसार का वोटर कार्ड साथ ले कर आए। कोई भी आजीवन सदस्य कुल आजीवन सदस्यों व कॉलेजियम वाइज सदस्यों की कॉपी उचित फीस देकर कार्यालय जिला ब्राह्मण धर्मशाला, हिसार से प्राप्त कर सकता है।

**निर्वाचन अधिकारी, जिला ब्राह्मण सभा हिसार**

## खबर संक्षेप

### मोक्ष वृद्धाश्रम में मनाया रामनवमी महोत्सव

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नवरात्रों के दौरान जनकल्याण के निमित हवन किया गया। इसके साथ ही कंजक पूजन करके बेटियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर संकीर्तन का आयोजन करके प्रभु श्रीराम की आराधना भी की गई। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु, वीना भंडारी, गीता मल्होत्रा, गीता बंसल, राजबाला, लता गर्ग, तरुणा जैन, सरोज तनेजा, श्रीमती गुजराल, स्वर्ण अरोड़ा, शशि आदिब, सुलोचना सेतिया व कमलेश ग्रोवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान महिला मंडली को मोक्ष वृद्धाश्रम की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

### श्रद्धालुओं ने संकीर्तन में लिया हिस्सा

**हिसार।** श्याम बाबा के दरबार में माथा टेकने और मन्नत मांगने के लिए श्रद्धालुओं ने बीड़ बबरान धाम में आयोजित संकीर्तन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बीड़ बबरान धाम में सायंकाल शुरू हुआ संकीर्तन रात्रि तक चला। संकीर्तन में श्याम बाबा की जय-जयकार सुनकर भक्तगण अपने इष्ट के प्रति नतमस्तक हो गए। इस दौरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा एवं कई अन्य गायकों ने श्याम बाबा के भजन गाकर उनकी महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा की महिमा सुनकर भक्तगण नाचने व झूमने लगे।

### नगर निगम की वार्षिक बजट बैठक आज

**हिसार।** नगर निगम की वार्षिक बजट बैठक मंगलवार को नगर निगम सभागार में होगी। बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली करेंगे। इसमें वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट पर चर्चा की जाएगी। बैठक की सूचना सभी पार्षदों व अधिकारियों को दी गई है।

### 5 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा सहित एक काबू

**उकलाना।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने गांव फरीदपुर से एक व्यक्ति को काबू करके उससे 5 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा बरामद किया है। एएसआई रामदिया ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान उसे प्लास्टिक के कट्टे सहित काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम गांव फरीदपुर निवासी विक्रम बताया। तलाशी लेने पर विक्रम के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में 5 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा मिला।

### आज दोपहर तक पानी की सप्लाई रहेगी बाधित

**बरवाला ।** एम.टी.जल घर बरवाला में स्टोरम व सीवर डालते समय बरवाला जलघर की मेन लाइन टूट गई है जिसका ठीक करने का कार्य चल रहा है। उपरोक्त कार्य को देखते हुए 8 अप्रैल दोपहर तक बरवाला शहर में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी।

### सेना के साथ चलाया सफाई अभियान

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिसार आगमन पर नगर निगम द्वारा हिसार कैंट के आस-पास व बाहर सोमवार को अलसुबह सफाई अभियान चलाया गया। सीएसआई राजकुमार ने बताया कि यह नगर निगम के अधिकारियां व कर्मचारियों के साथ सेना के अधिकारियों व जवानों ने भी श्रमदान किया।

# ढंढूर पुल के पास कार और ऑटो की टक्कर में बच्चे सहित 13 लोग घायल

## घायलों की संख्या ज्यादा होने पर नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाएं हुई प्रभावित

### गलत दिशा में था ऑटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नजदीकी गांव ढंढूर पुल के पास कार व गलत दिशा से आ रहे ऑटो के बीच हुई टक्कर में तीन माह के बच्चे सहित 13 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं भी शामिल है। टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों और पुलिस ने किसी तरह घायलों को बाहर निकालकर हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की संख्या ज्यादा होने पर नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित हो गईं। इमरजेंसी रूम के बाहर तक इलाज किया गया। एक स्ट्रेचर पर दो-दो मरीजों को लेटाकर इलाज करना पड़ा। जानकारी मिलने पर सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत मौके पर पहुंचीं और इलाज की निगरानी शुरू की।

कार में सवार महिला सुमित्रा ने बताया कि वह और उसकी बहन माया, देवर विनोद और बेटा गौतम जालंधर से अपने घर झुंझनू जा रहे थे। जब ढंढूर पुल के पास पहुंचे तो सामने की तरफ से गलत दिशा से ऑटो आ गया, जिससे उनकी कार की ऑटो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। ऑटो में सवार महिला केला देवी ने बताया कि वे राजस्थान के अमरपुरा में धोक लगाने के लिए परिवार के साथ गए थे। सोमवार सुबह ऑटो से वापस लौट रहे थे। टक्कर इतनी भयानक थी कि ऑटो सड़क किनारे पलटते-पलटते बचा और सड़क किनारे लगी सेफ्टी रेलिंग से पलटने से बचा। हादसे के बाद वहां चीखपुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। चना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो और कार से बाहर निकाला। सड़क पर ट्रैफिक जाम न लगे, इसके लिए दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कराया गया। घटनास्थल पर काफी देर अफरातफरी मची रही। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर घायलों के बयान भी दर्ज किए। उधर, देर शाम को घायल को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

घायलों में कार में सवार झुंझुनूं की रहने वाली माया उर्फ मेवा और उनकी बहन सुमित्रा शामिल हैं। ऑटो में सवार लोगों में खनौरी बॉर्डर के पास पीपलथला से सरोज, आशा, गुरप्रीत, राकेश, तीन महीने का अनमोल, महफिल, केलो देवी और सिमरन शामिल है, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। इसके अलावा नचार खेड़ा के राजकुमार, डूमरखां के अमन और फुले के अमन भी घायल हुए हैं।




हिसार। हादसे में घायलों का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी तथा सहादसे में क्षतिग्रस्त हुए दोनों वाहन। फोटो: हरिभूमि

# साइबर ठगों ने की 1.55 लाख से अधिक की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

क्षेत्र के गांव साहू के 34 वर्षीय संजय के साथ साइबर ठगों ने एक लाख 55 हजार 983 रुपए की धोखाधड़ी कर डाली। पुलिस ने संजय की शिकायत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी करने के आरोप में केस दर्ज किया है। उकलाना पुलिस को दी शिकायत में गांव साहू के संजय ने बताया कि वह गांव में पेशे से मोबाइल रिपेयरिंग का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 में उन्होंने इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाया था लेकिन इसे न तो एक्टिवेट किया और न ही इस्तेमाल किया। इसके बावजूद ठगों ने फर्जी कॉल और एक ऐप के जरिए उनके क्रेडिट कार्ड से पैसे उड़ा लिए। संजय ने बताया कि 8 फरवरी 2025 को शाम करीब 5 बजे उनके मोबाइल नंबर 9467133762 पर 9506364416 से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को इंडसइंड बैंक का कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करने की बात कही और एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। संजय ने ऐप डाउनलोड की, जिसके बाद उनके पास अपने आप ओटीपी आने शुरू हो गए।

कॉलर ने ओटीपी किसी को न बताने की हिदायत दी, जिसे संजय ने माना, लेकिन इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 80 हजार, 46,500, 20 हजार और 109 यूएसडी की तीन ट्रांजेक्शन हो गई। जब संजय को मैसेज के जरिए ठगी का पता चला, तो उन्होंने तुरंत बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क किया। बैंक ने कार्ड ब्लॉक कर दिया।

# मूट कोर्ट कंपटीशन का आयोजन

### सीआर लॉ कॉलेज में हुई स्पर्धा, दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीआर लॉ कॉलेज में एक मूट कोर्ट कंपटीशन का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की लॉ फैकल्टी का पैनल बनाया गया जिसमें डॉ. विकास चौधरी, डॉ. संतोष, डॉ. अंजू सिंधु, डॉ. नीरज मालिक, डॉ. पूनम, डॉ. ज्योति बूरा, डॉ. अमित, मोनिका, हसीना, अनुज , जितेंद्र और पूनम ने जज की भूमिका निभाई। शुरुआत में 14 टीमों ने भाग लिया जिसमें से 8 टॉप टीम्स सिलेक्ट की गई। इन 8 टीम के तीन राउंड करवाए गए जिसमें से प्रतिभागी दीक्षा, तमन्ना, गुंजन की टीम प्रथम भूमिका, प्रगति, रोमा की टीम द्वितीय व अनुज, विपिन, साहिल की टीम तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेटस दिए गए। 10 मार्च को राष्ट्रपति द्वारा जीजेयू में गोल्ड मेडल प्राप्त होनहार छात्र छात्राओं शालू बंसल, शुभम कुमार, मोनिका, राहुल मुढालिया, दिव्या को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने सभी का आभार व्यक्त किया और बताया कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह छात्रों को कक्षा में प्राप्त अपने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन की स्थितियों में लागू करने का एक अनोखा मंच प्रदान करती हैं। मंच का संचालन डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. ज्योति बूरा व मोनिका ने की। इस अवसर पर कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।




हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

### बड़े भाई ने दो सगे भाइयों पर किया हमला, घायल

**हिसार।** उकलाना गांव के वार्ड नंबर 12 में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दो सगे भाइयों पर उनके ही बड़े भाई और उसके परिवार ने डंडों और थप्पड़-मुक्कों से हमला कर दिया। शिकायत में घायल सुभाष व रामचंद्र ने बताया कि घटना सुबह करीब सात बजे उनके घर पर हुई। सुभाष ने कहा कि वह अविवाहित हैं और मेहनत-मजदूरी कर गुजारा करते हैं। उनके पिता मुंशी का निधन 21-22 साल पहले हो चुका है और परिवार के चार भाई पिछले 6 साल से अलग-अलग रहते हैं। घटना के दिन उनका भाई रामचंद्र उनके घर आया हुआ था। इसी दौरान उनके बड़े भाई जगदीश का बेटा रामभक्त भी वहां पहुंचा। रामचंद्र और रामभक्त के बीच बहस हुई जिसमें रामभक्त ने गुस्से में अपने पिता जगदीश को फोन कर बुला लिया। थोड़ी देर बाद जगदीश अपनी पत्नी मीरा और बेटे रामभक्त के साथ सुभाष के घर पहुंचा। सुभाष के मुताबिक जगदीश ने डंडे से उनके सिर पर हमला किया। बीच-बचाव करने आए रामचंद्र की बाजू पर भी डंडा मारा गया। तीनों आरोपियों ने दोनों भाइयों पर थप्पड़ और मुक्कों से हमला किया।

# 220 लोगों के दांतों की जांच

- इंडिया डेंटल एसोसिएशन ने लोगों को वितरित की डेंटल किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडियन डेंटल एसोसिएशन हिसार शाखा के दंत चिकित्सकों द्वारा सेक्टर 16-17 की झुग्गी-झोपड़ियों में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन लाडली वेलफेयर चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला द्वारा किया गया है। दंत चिकित्सा कैंप में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले 220 लोगों के दांतों की निशुल्क जांच की गई व उन्हें डेंटल किट वितरित की गई। इडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा इस तरह के कैंप का आयोजन करने की पहल की है। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. सचिन मितल ने कहा कि 25 चिकित्सकों ने झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगो के दांतों का चेकअप किया गया उन्हें दांतों की बीमारियों से बचने की जानकारियां भी दी गई है। उन्होंने कहा कि डेंटल एसोसिएशन आने वाले समय में वृद आश्रमों व स्कूलों में दंत चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाएगा। लाडली संस्था के अध्यक्ष अनिल सिंगला ने एसोसिएशन के इस प्रयास की सराहना की। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल व अन्य चिकित्सकों ने गेस्ट ऑफ ऑनर अनिल सिंगला को गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. विकास पुरी, डॉ. अर्चना खतरेजा, डॉ. चारू गुप्ता, डॉ. तरुण कालड़ा, डॉ. निशा रोहिल्ला, डॉ. मनीष, डॉ. अरविंद, डॉ. पंकज सिंघल, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. वरुण, डॉ. रेशु बंसल, डॉ. कुसुम गोयत, डॉ. उमा, डॉ. गर्वित, डॉ. मयंक, डॉ. सुनीता, डॉ. विनीता, डॉ. दीपक भूटानी आदि मौजूद थे।



हिसार। लाडली संस्था के अध्यक्ष अनिल सिंगला का स्वागत करते डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल व अन्य। फोटो: हरिभूमि



हिसार। विज्ञापन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# दयानंद कॉलेज में विज्ञापन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानंद महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग की ओर से विज्ञापन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंधन विभाग के बीबीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न उत्पादों के लिए प्रभावशाली और आकर्षक विज्ञापन प्रस्तुत किए, जिससे उनकी रचनात्मकता और मार्केटिंग क्षमताओं का विकास हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मोनिका कक्कड़ ने किया। प्राचार्या ने छात्रों को व्यावसायिक जीवन में विज्ञापन और रचनात्मकता के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रभावी कम्युनिकेशन पर बल दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्ष व प्रबंधन विभाग की इंचार्ज डॉ. सुरूची शर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें रचनात्मक विज्ञापन बनाने पर बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. रीना, प्रो. स्मृति, डॉ. सीमा व प्रो. ज्योति व प्रो. रितु उपस्थित रही।

# ड्राइंग रूम वाला विधायक नहीं हूं, हलके की हर गली से वाकिफ हूं: भयाना

- ढाणा कलां गांव में जनप्रतिनिधियों तथा बुजुर्गों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

रामनवमी के उपलक्ष्य में ढाणा कलां गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक विनोद भयाना ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्लॉक समिति हांसी प्रथम की चेयरमैन शीला यादव द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में विधायक विनोद भयाना ने ब्लॉक समिति सदस्यों तथा गांव के 16 बुजुर्गों को सम्मानित किया।

समारोह में उपस्थित लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते विधायक भयाना ने कहा कि ढाणा कलां के नागरिकों ने जो मान सम्मान दिया है इसके लिए वह पूरे गांव धन्यवाद करते हैं और सिर झुका कर इस सम्मान को स्वीकार करते हैं। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा रखे गए विकास कार्यों को करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं ड्राइंग रूम वाला विधायक नहीं हूं, हलके की हर गली व खेत से वाकिफ हूं, समस्या का समाधान करवाने का प्रयास किया जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, विधानसभा संयोजक सोनू जांगड़ा, दयानंद यादव, कुलदीप यादव, अनूप जोगी, भाजपा अटल मंडल प्रधान श्याम खांडा, मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, सुरजीत यादव ओपी यादव, राजमल यादव, भूप सिंह मौजूद रहे।



हांसी। समारोह में पहुंचे विधायक विनोद भयाना का स्वागत करते ग्रामीण।



हिसार। सफाई अभियान के दौरान उपस्थित नगर पार्षद डॉ. सुमन यादव व अन्य।

# सेक्टर 16-17 में चलाया विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर 16 और 17, सेक्टर 13 पार्ट 2 की आरडब्ल्यूए द्वारा सेक्टर में 3 दिवसीय विशेष सफाई अभियान प्रधान इंद्र सिंह मलिक, वजीर बुढ़ाना और कुलबीर दुहन के नेतृत्व में JCB के साथ चलाया गया l इस सफाई अभियान के दौरान सेक्टर वासियों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा अपने सेक्टर को साफ करवाने में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की हर संभव मदद की

आरडब्ल्यूए द्वारा अलग-अलग ब्लॉक में जेसीबी मशीन द्वारा खाली प्लॉट्स में उगे हुए कीकर, झड़ी, ऑक और अन्य जंगली पौधों को जड़ से निकाल करके साफ करवाने का कार्य किया गया l सफाई अभियान में प्रमुख रूप से नगर पार्षद डॉ.सुमन यादव, प्रो. कृष्णा खांभरा, डॉ. ऋचा पूनिया, डॉ.अनीता, अलका छाबड़ा और पुष्पा रानी आदि भी सहयोग रहा।

### क्लर्क का अपहरण कर नकदी छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने नगर निगम क्लर्क का अपहरण कर नकदी छीनने के मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें अर्बन एस्टेट निवासी अंकुर व अंकित शामिल है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम में क्लर्क के पद पर तैनात लितानी निवासी मोनू ने उपरोक्त नामजद आरोपियों सहित अन्य पर उसका अपहरण कर नकदी छीनने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 18 मार्च को अपने दोस्त के साथ 1 लाख 50 हजार रुपए लेकर जाट कॉलेज के नजदीक एसबीआई बैंक में गया था। तभी अचानक वहां अंकुर और अंकित आ गए और उन्होंने उसे जबरदस्ती गाड़ी में डालकर तोशाम रोड ले गए। वहां एक शिक्षण संस्थान के पास एक और व्यक्ति गाड़ी में बैठ गया और मारपीट करते हुए उसे लाडवा के खेतों में ले गए और उसके हाथ पाव बांध, बंधक बनाया व 1 लाख 50 हजार रुपये छीन लिए। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर आधार अस्पताल के पास फेंक गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### मंडल रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर कल

**हिसार ।** सहायक मंडल रोजगार अधिकारी सुनील कुमारी ने बताया कि मॉडल कैरियर सेंटर कम मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से लघु सचिवालय स्थित मंडल रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जॉब फेयर में निजी क्षेत्र की कंपनियां श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर, रविंद्र ट्यूब्स लिमिटेड, डीसीएम टैक्सटाइल्स, श्री गणपति बायोटेक तथा पीएनबी मेटलाइफ हिसार भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक उम्मीदवार अधिक से अधिक संख्या में इस जॉब फेयर में भाग लें। जिन अभ्यर्थियों ने रोजगार कार्यालय में पंजीकरण करवाया हुआ है, वे रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड साथ लाएं।

## संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने किया नेतृत्व

# श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट ने निकाली कलश यात्रा

- भगवान शिव भोले की पूजा करने से परिवार में बनी रहती है सुख-शांति बनी रहती : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट द्वारा भव्य कलश यात्रा व झांकियां शिवालय ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें भारी संख्या में महिला व भक्तों ने भाग लिया। कलश यात्रा पड़ाव बाजार, भगत सिंह चौक, आर्य बाजार, राजगुरू मार्केट, नागोरी गेट, मैन बाजार, मोती बाजार, गांधी चौक, देहली गेट आदि बाजारों में भजन कीर्तन करते हुए बैन्ड-बाजे व ढोल-नगाड़े के साथ निकाली। कलश यात्रा में महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी महाराज ने विशेष तौर पर भाग लिया और भक्तों को आशीर्वाद दिया।

ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज से 15 अप्रैल तक श्री शिव महापुराण की कथा हर रोज दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक होगी। इसमें भगवान शिव पार्वती की सुन्दर-सुन्दर झांकियां की प्रस्तुतिया दी जाएगी और हर रोज सवामणी का भोग लगाया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि भगवान शिव भोले की पूजा करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और सभी कष्ट दूर होते है और मन को शांति मिलती है।



हिसार। कलश यात्रा में भाग लेते श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### ये उपस्थित रहे

शोभा यात्रा में सुरेंद्र सिंगला, ओमप्रकाश असीजा, संयोजक जगत नारायण, ऋषिराज गर्ग, अनिल सिंगला, पवन गोयल, राजेंद्र बंसल, सतपाल असीजा, डॉ के के वर्मा, पवन काका, निरंजन गोयल, श्याम भूटानी, रमेश पटवारी, मुख्याध्यापक सत्येंद्र गोयल, सुरेंद्र बागड़ी, राजेश शर्मा, अनिल तनेजा, बजरंग गंगवा, मनीष कुमार आदि रहे।